## प्रादेशिक समाचार
## 21.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. 23 नवंबर को होनेवाली मतगणना की तैयारियां तेज, वज्रगृहों में ईवीएम की सुरक्षा के लिए किए गए कड़े प्रबंध।

2. एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत का किया दावा।

3. राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म–वेव्स की शुरूआत की।

4. राज्यभर में तापमान में भारी गिरावट से कनकनी बढ़ी, मौसम विभाग ने अगले हफ्ते ठंड और बढ़ने का जताया पूर्वानुमान।

****************

आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के बाद अब चुनाव आयोग 23 नवंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। चुनाव आयोग के अनुसार सुबह आठ बजे से मतों की गिनती की जाएगी। चुनाव आय़ोग ने बताया कि पहले बैलेट पेपर और फिर ईवीएम के मतों की गिनती की जाएगी।

****************

रांची के पंडरा स्थित मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची के उपायुक्त वरुण रंजन ने आज स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का जायजा लिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना से पहले कल मतगणना कर्मियों का ड्राई रन कराया जाएगा।

इस बीच रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

उधर, गिरिडीह जिले की छह विधानसभा सीटों के लिए मतगणना गिरिडीह स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति में होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि मतगणना को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

इधर, सरायकेला–खरसांवा जिले में भी मतगणना की तैयारी अंतिम चरण में है। जिले के उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार ने कहा कि सरायकेला और खरसांवा विधानसभा सीटों के लिए मतगणना 15 राउंड में पूरी होगी जबकि ईचागढ़ के लिए मतों की गिनती 17 राउंड तक चलेगी।

इस बीच, हजारीबाग में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज बाजार समिति में बनाये गये मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

****************

इससे पहले राज्य में दूसरे चरण की 38 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न कराने के बाद सभी पोलिंग पार्टियां आज वापस लौट आयी हैं। विभिन्न जिलों में बनाये गये वज्रगृहों में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम सील कर दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि स्ट्रांग रूम के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है और सीसीटीवी कैमरों से सभी तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

****************

एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से चुनाव में अपनी–अपनी जीत के दावे किए जा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

उधर, लोजपा–आर. के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी कहा है कि झारखंड में जनता ने परिवर्तन का जनादेश दिया है।
इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने दावा किया है कि राज्य में हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने भी कहा है कि जनता ने राज्य में महागठबंधन की सरकार बनाने का आदेश दे दिया है।

****************

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है। गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा कि वेव्स अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है।

****************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी 2025 से शुरू होंगी। कक्षा 10 की परीक्षाएं 18 मार्च को जबकि कक्षा 12 की परीक्षाएं 4 अप्रैल को सम्पन्न होंगी।

****************

गुमला जिले में पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से चोरी की छह बाइक भी बरामद की गयी है। गुमला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि ये अपराधी चोरी की बाइक के फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे बेचा करते थे।

****************

हजारीबाग के गोरहर थाना क्षेत्र में आज सवेरे एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग और रांची भेजा गया है। यात्री बस कोलकाता से पटना की ओर जा रही थी। राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई नेताओं ने मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में ठंड लगातार बढ़ रही है। एक सप्ताह के अंदर न्यूनतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने इस माह के अंतिम सप्ताह में ठंड और अधिक बढ़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। गौरतलब है कि कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, खूंटी और गुमला में न्यूनतम तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सयिस तक जा पहुंचा है।

****************

सरायकेला खरसावां जिले के सरायकेला प्रखंड के ईटाकुदर गांव निवासी अभिनव भारत सोय का हैंड बॉल जूनियर भारतीय टीम में चयन किया गया है। अभिनव को दुबई में 25 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाली जूनियर इंटरनेशनल हैंड बॉल खेल प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। हैंड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा जूनियर टीम के लिए झारखंड से एक मात्र खिलाड़ी अभिनव का चयन किया गया है।

******समाप्त*******